Literacy for a Billion

Movie: Yaarana
Year: 1981

Song: Bhole O Bhole
Lyricist: Anjaan

भोले ओ भोले
वो रूठा दिल टूटा
मेरे यार को मना दे
वो प्यार फिर जगा दे
मेरे यार को मना दे
वो प्यार फिर जगा दे
भोले ओ भोले

वो बिछड़ा तो क़सम से
फिर मैं ना जी सकूँगा
मेरे भोले तेरे जैसे
मैं ज़हर ना पी सकूँगा
जिस्म हूँ मैं वो जान है मेरी
उसको नहीं पहचान है मेरी
जिस्म हूँ मैं वो जान है मेरी
उसको नहीं पहचान है मेरी
प्यार मेरा तू जाने
मेरे यार को मना दे

वो प्यार फिर जगा दे
भोले ओ भोले

क्या होगा फिर तेरा
गौरी जो रूठ जाए
शंकर तेरे माथे का
चंदा जो टूट जाए
डम डम डम डमरू ना बाजे
बम बम बम फिर तू ना नाचे
डम डम डम डमरू ना बाजे
बम बम बम फिर तू ना नाचे
यार अगर ना माने
मेरे यार को मना दे
वो प्यार फिर जगा दे
मेरे यार को मना दे
वो प्यार फिर जगा दे
भोले ओ भोले

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.